एक नजर में

ग्राहक बनकर आया चोर,कंट्रोलर लेकर चंपत

गुना। शहर के व्यस्त नई सड़क क्षेत्र में चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक शातिर चोर ग्राहक बनकर गेमिंग हब में घुसा और मौका पाकर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के संबंध में संचालक ने शहर कोतवाली में शिकायती आवेदन दिया है। घटना रविवार सुबह साढ़े 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। गेमिंग हब के संचालक योगेश्वर गर्ग ने पुलिस को दी गई जानकारी में बताया कि सुबह के वक्त उनकी दुकान 'सावरिया गेमिंग हब' पर एक अनजान व्यक्ति ग्राहक के रूप में आया था। आरोपी ने कुछ देर वहां रुककर माहौल का जायजा लिया और जैसे ही संचालक का ध्यान थोड़ा भटका, उसने शातिर तरीके से दुकान से दो पीएस-5 ड्यूल सेंस कंट्रोलर चोरी कर लिए और रफूचक्कर हो गया। वारदात के बाद जब संचालक ने सामान गायब पाया, तो उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज देखने पर पूरी चोरी की करतूत कैमरे में कैद मिली, जिसमें आरोपी ग्राहक बनकर सामान चुराते हुए साफ नजर आ रहा है। संचालक ने सीसीटीवी फुटेज के साथ शहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा है।

जामनेर में जुआरियों के फड़ पर पुलिस की दबिश

गुना। जामनेर थाना पुलिस ने ग्राम टोड़रा में जुए के दो अलग-अलग फड़ों पर दबिश देकर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 11,230 रुपये नकद और ताश की गड्डियां बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त 2026 की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि टोड़रा गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग फड़ जमाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर जामनेर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों जगहों पर दबिश दी और 6-6 जुआरियों को रंगे हाथों दबोच लिया। पहले फड़ से प्रेमनारायण, महेशबाबू, कालूराम, रघुवीर, श्रीलाल और भूरालाल (सभी निवासी टोड़रा) को पकड़कर 8,600 रुपये और ताश की गड्डी जब्त की गई, जिनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

इसी प्रकार दूसरे फड़ से जितेन्द्र, फूलसिंह, घनश्याम, राहुल, इंदर और जगदीश को गिरफ्तार कर 2,630 रुपये और ताश की गड्डी जब्त की गई। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया है।

पूर्व सीएमओ के 15 महीने शहर पर पड़े भारी, बर्बाद हुआ शहर

पार्षदों ने चेताया-किया धरा पूर्व सीएमओ का, खामियाजा पूरी पार्टी को भुगतना पड़ सकता है

अध्यक्ष को भी नहीं करने दिया काम, ठप्प हो गए विकास कार्य

नवभारत न्यूज

गुना 30 अगस्त का। गुना शहर में विकास के पहिए की रफ्तार को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर ही घमासान मच गया है। गुना नगरपालिका के पार्षदों ने भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार को एक तीखा और पोल खोलने वाला पत्र सौंपकर सनसनी फैला दी है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि पिछले 15 महीनों के दौरान पूर्व प्रभारी सीएमओ और डिप्टी कलेक्टर रहीं मंजूषा खत्री की तानाशाही व मनमानी के चलते शहर का विकास पूरी तरह ठप हो गया है, जिसका खमियाजा अब जनता के बीच जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ रहा है।

पार्षदों ने पत्र में ब्यौरा देते हुए बताया कि परिषद एवं पीआईसी द्वारा करीब एक साल पहले जुलाई-अगस्त 2025 में सभी वार्डों के लगभग 70 विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपए की

फाइल फोटो

वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिसकी राशि आज भी नगरपालिका के पास उपलब्ध है। इसके बावजूद, तत्कालीन प्रभारी सीएमओ ने अध्यक्ष की सहमति के बिना सभी वार्डों के 60 टेंडर निरस्त कर दिए। हालत यह है कि वर्तमान सीएमओ शैलेष अवस्थी के हस्ताक्षर से लगभग 800 से 900 नामांतरण फाइलों में धूल फांक रहे हैं, जबकि नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की तरफ से एक भी नामांतरण लंबित नहीं है।

बिगड़ती सफाई व्यवस्था और अंधेरे में डूबते वार्ड

आक्रोशित पार्षदों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि बीते 15 महीनों से सीएमओ द्वारा शहर के वार्डों में सुबह-दोपहर सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण तक बंद कर दिए गए थे। नतीजतन, पूरे शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। इसके अलावा, शहर के विभिन्न वार्डों की कम से कम 1200 से 1400 स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं और बंद हैं। मेंटेनेंस का सामान खरीदने के बजाय स्ट्रीट लाइट फिटिंग के टेंडर तीन बार निरस्त कर दिए गए और चौथी बार भी दर स्वीकृति के कायार्देश जारी नहीं किए गए। हद तो तब हो जाती थी जब पार्षदों को अपनी ही नगरपालिका में सीएमओ से मिलने के लिए भी पहले पर्ची लेना पड़ती थी।

पत्र में इनके हस्ताक्षर

इस गंभीर पत्र की प्रतियां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संभाग संगठन प्रभारी डॉ. निशांत खरे को भी भेजी गई हैं। पत्र पर एल्डरमैन वंदना राठौर, कैलाश धाकड़, राजू ओझा, ममता तोमर, फूलबाई रामबली ओझा, सुशीला कुशवाह, नीता शिब्बू कुशवाह, कीर्ति सरवैया, संध्या अशोक सोनी, अनीता कुशवाह, बबीता साहू, विमला साहू, राधा कुशवाह, राजकुमारी, ओमप्रकाश कुशवाह, अरुण सुमन, घासीराम और शील वर्मा सहित कई पार्षदों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

संगठन को दी बड़ी चेतावनी

पार्षदों ने जिला अध्यक्ष को स्पष्ट शब्दों में आगाह किया है कि ठीक एक साल बाद फिर से नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं। यदि शहर के हालात ऐसे ही रहे, तो पार्टी द्वारा उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जनता विकास न होने पर केवल अध्यक्ष को ही नहीं, बल्कि विधायक और सांसद को भी कोसेगी। इसलिए समय रहते इस समस्या का ठोस समाधान निकाला जाए।

ऐतिहासिक जीत के बाद भी विकास की अनदेखी

पत्र में इस बात का खास जिक्र किया गया है कि 25 अगस्त 2022 को इस परिषद के गठन के बाद से अप्रैल 2025 तक भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 38 हजार और लोकसभा चुनाव में सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में 56 हजार मतों की रिकॉर्ड लीड हासिल की थी। पहली बार गुना के सभी 37 वार्डों में भाजपा जीती और उपचुनाव में भी कांग्रेस की जमानत जब्त हो गई। लेकिन अप्रैल 2025 के बाद जब तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर को प्रभार सौंपा गया, तो अधिकारी की मनमानी ने सब कुछ चौपट कर दिया।

गोपीकृष्ण सागर बांध की ऑपरेटिंग गैलरी की सुरक्षा में भारी चूक

नवभारत न्यूज

गुना। गोपीकृष्ण सागर बांध की सुरक्षा और संवेदनशीलता को लेकर एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। बांध की जिस ऑपरेटिंग गैलरी में आम नागरिकों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहता है और जहां केवल प्रशिक्षित कर्मचारियों का ही अधिकार होता है, वहां रविवार को बेधड़क छोटे बच्चों समेत कई सैलानी टहलते हुए नजर आए।

खास बात यह है कि इस संवेदनशील क्षेत्र के बाहर प्रवेश निषेध का बोर्ड भी चस्पा है, इसके बावजूद लोग आसानी से अंदर पहुंच गए। जानकारों के अनुसार, बांध की यह ऑपरेटिंग गैलरी बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा होती है, जहां बांध के गेट खोलने के उपकरण और नियंत्रण लीवर मौजूद रहते हैं। जलस्तर बढ़ने पर कर्मचारी यहीं से बांध के गेटों का संचालन करते हैं। गैलरी में सैलानियों का यूं बेरोक-टो टोक पहुंचना यह साफ दशार्ता है कि जीकेएस के इस अति-महत्वपूर्ण और तकनीकी क्षेत्र को जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। सुरक्षा में हुई इस बड़ी चूक के कारण किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है या बांध की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो सकते हैं।

मधुसूदनगढ़ में बस स्टैंड निर्माण पर गरमाई सियासत

भाजपा विधायक प्रियंका मीना और नेता रुद्रदेव सिंह आमने-सामने

नवभारत न्यूज

गुना 30 अगस्त का। जिले के मधुसूदनगढ़ में बस स्टैंड का निर्माण अब सियासी अखाड़ा बन गया है, जहां सत्ताधारी दल (भाजपा) के दो दिग्गज नेता ही आमने-सामने आ गए हैं। इस राजनीतिक रस्साकशी के चलते बस स्टैंड का प्रोजेक्ट फाइलों में कैद होकर रह गया है और आम जनता परेशान हो रही है।

विवाद की सुई तब घूमी जब विधायक प्रियंका मीना ने

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व अपनी जमीन बचाने के लिए भोपाल रोड पर बस स्टैंड बनवाना चाहते हैं, जिनकी जमीनें प्रस्तावित भूमि से सटी हुई हैं। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा जिला मंत्री रुद्रदेव सिंह ने दो टूक कहा कि उनकी प्रस्तावित भूमि के आसपास कोई निजी जमीन नहीं है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि चिन्हित स्थान पर उनकी जमीन निकलती है, तो वे राजनीति छोड़ने तक को तैयार हैं। उन्होंने जनता की आवाज उठाते रहने का संकल्प भी दोहराया। असली पेंच यह है कि करीब चार साल पहले तत्कालीन द्वारा भोपाल रोड पर बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन उसी जगह पर कुशवाहा समाज का लवकुश मंदिर बना हुआ है। विधायक प्रियंका मीना इस स्थान के बजाय किसी अन्य जगह पर बस स्टैंड बनवाना चाहती हैं, जबकि आवंटित जमीन लवकुश मंदिर के पास की है। दोनों नेताओं के बीच तालमेल के अभाव और इस राजनीतिक छीनाझपटी का खामियाजा अंतत: आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें आज तक बस स्टैंड की सौगात नहीं मिल पाई है।

घटावदा विवाद गरमाया : आजाद समाज पार्टी का आरोप, दलितों से हो रही है अभद्रता

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम घटावदा में पिछले दिनों स्कूल में हुई एक संवेदनशील घटना के बाद अब विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। घटावदा के सरकारी स्कूल में 17 अगस्त को कथित तौर पर एक बच्चे द्वारा कुछ छात्राओं की पानी की बोतल में यूरिन मिलाने की घटना सामने आई थी। अब इस मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी के लोगों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोग इस घटना को ढाल बनाकर दलित समाज के लोगों के साथ अभद्रता कर रहे हैं और उन्हें निशाना बना रहे हैं। इस सिलसिले में अहिरवार समुदाय के लोग और पीड़ित पक्ष न्याय की गुहार लगाने आरोन थाने पहुंचे। उनके साथ आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ढिल्लों, जिला उपाध्यक्ष मुकेश अहिरवार सहित भीम आर्मी और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में थाने में मौजूद रहे। थाने पहुंचे ग्रामीणों और पार्टी कार्यकताओं का गंभीर आरोप है कि बातचीत के दौरान थाना प्रभारी रवींद्र सिकरवार ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कार्यकताओं के मुताबिक, थाना प्रभारी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि मैं एफआईआर नहीं करूँगा। इस तरह के रवैये और मामला दर्ज करने से इंकार किए जाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने भारी नाराजगी जताई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि रघुवंशी समाज के कुछ लोगों द्वारा दलित बच्चों को स्कूल जाने से रोका जा रहा है, उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जा रही है तथा कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया जा रहा है।

पार्टी जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच कर तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो वे स्वयं थाने के बाहर धरने पर बैठ जाएंगे।

ससुराल जा रहे 21 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

गुना। नेशनल हाइवे-46 पर गादेर के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपनी ससुराल जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया।

मृतक की पहचान 21 वर्षीय अजय बागरी निवासी बरावदा, थाना छीपाबड़ौद राजस्थान के रूप में हुई है। अजय अपनी ससुराल गुना जिले के बजरंगगढ़ गांव जाने के लिए घर से निकला था। नेशनल हाइवे 46 पर गादेर के पास उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त पाई गई। हालांकि, दुर्घटना के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है कि यह हादसा कैसे हुआ।

हादसे की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार, मृतक अजय की शादी महज 4 महीने पहले ही हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गोपालपुरा के मंदिर से मूर्ति, बर्तन चोरी कर ले गए बदमाश

नवभारत न्यूज

गुना। शहर के गोपालपुरा स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरों ने धावा बोलकर मंदिर से भगवान की मूर्तियां और कई बहुमूल्य बर्तन चोरी कर लिए। इस घटना के सामने आने के बाद से स्थानीय रहवासियों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

घटना के विरोध में लोगों ने कैंट थाने पहुंचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा और जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

बदमाशों की हिमाकत इतनी बढ़ गई थी कि उन्होंने मंदिर के गर्भगृह को निशाना बनाया। चोर मंदिर से धातु से बना भगवान

भोलेनाथ का नाग, हनुमान जी का घोटा, हनुमान जी की पीतल से बनी मूर्ति, लड्डू गोपाल की मूर्ति, जल पात्र, पीपल के 2 दीपक और तांबे के 3 लोटे चुरा ले गए।

पवित्र स्थल पर हुई इस चोरी की वारदात से क्षेत्र के लोगों में खासा रोष है। आक्रोशित नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए मांग की है कि चोरों का जल्द से जल्द सुराग लगाया जाए और चोरी गए सामान की बरामदगी कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सितंबर महीने से कंचनपुरा में लगाया जाएगा पशु मेला, जिला प्रशासन ने पूरी कीं तैयारियां

गुना। राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर ललुआ टोरा के पास वर्षों से लग रहे पशु मेले के कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं और जाम की गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब यह पशु मेला आने वाले रविवार से कंचनपुर में लगाया जाएगा। बीते मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान गोसेवकों ने प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इस मेले को अन्यत्र स्थानांतरित करने की पुरजोर मांग उठाई थी। साथ ही, मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। गोसेवकों का तर्क था कि राजमार्ग पर मवेशियों की भारी आवाजाही के चलते लगातार दर्दनाक हादसे हो रहे हैं और हाल ही में सड़क दुर्घटना में 10 मवेशियों की मौत के बाद स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई थी। मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए रविवार को साप्ताहिक मेले के दौरान तहसीलदार मयंक तिवारी, कैंट थाना पुलिस बल और गोसेवक मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों, ग्राहकों और पशु लेकर पहुंचे व्यापारियों से व्यापक चर्चा की। सभी पक्षों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अब अगले रविवार से यह पशु मेला कंचनपुर में ही आयोजित किया जाएगा। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं और यातायात जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने की पूरी उम्मीद है।

आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणाली पर जताया रोष ; उच्च स्तर पर होगी शिकायत

सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर महासंघ ने मनाया भुजरिया मिलन समारोह

नवभारत न्यूज

गुना। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर महासंघ गुना द्वारा अपने कार्यालय पर भुजरिया मिलन समारोह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए सितंबर माह के अंत में जिला परिचय सम्मेलन आयोजित करने, प्रदेश पदाधिकारियों को आमंत्रित करने और व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, जिन तहसीलों में इकाइयों का गठन शेष है, उनका इसी माह गठन करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी गुना द्वारा चतुर्थ समयमान वेतनमान और अर्जित अवकाश नगदीकरण के मामलों में बरती जा रही शिथिलता व देरी को लेकर पदाधिकारियों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया। महासंघ के कार्यालय पहुंचे प्रांतीय पदाधिकारियों—संरक्षक बसंत पुरोहित, प्रांतीय महामंत्री सुरेश

चंद्र बादल और श्रीवास्तव को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के काम न करने और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को गुमराह किए जाने के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। इस गंभीर मामले को लेकर अब प्रांतीय पदाधिकारियों के माध्यम से मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री गुना और कलेक्टर गुना को कड़ा पत्र जारी किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत करने वालों में मंत्री प्रद्युम्न कुमार सोनी, जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश व्यास, जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल धाकड़, तहसील सचिव खेमराज पाल, संभागीय कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामबाबू शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ गुना के जिला सचिव संतोष परिहार, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी, सुरेंद्र कुमार वशिष्ठ और के.आर. साहू सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

गुना। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनसे अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। शिक्षकों की इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी विद्यार्थियों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है। प्रतियोगिता के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। इस प्रेरणादायक आयोजन में संस्था की प्रधानाचार्य श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव, सुरेश रघुवंशी, चंचल राय, शिल्पी मिश्रा, वंदना चौबे, लीना शर्मा, डॉ. प्रेमिका पंत, सलोनी जैन, रूबीना मैडम, मधु पटैरिया, ममता रघुवंशी, किरण रघुवंशी, आशा शर्मा, संगीत दुआ, ज्योति मालवीय, मधु रघुवंशी, रवि कुमार, दिनेश लोधी, जीवनलाल और विशाल सुमेर सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

खंडहर मकान में चल रहा था जुआ, पुलिस ने 13 जुआरी पकड़े, 47 हजार रुपए से अधिक की नकदी जब्त

नवभारत न्यूज

गुना। राघौगढ़ थाना पुलिस ने जुए के एक संगठित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक 29 अगस्त की शाम राघौगढ़ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राघौगढ़ कस्बे के एक खंडहर मकान में कुछ लोग बड़े पैमाने पर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर खंडहर मकान की घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपियों में भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से 6 जुआरियों को दबोच लिया, जबकि 7 आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों में आकाश, राजकुमार सैनी, सोवरन बाल्मिकी, कल्लू उर्फ तिलक कोरी, फैजान और आमिर सोहिल उर्फ बिट्टू शामिल हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने 7 अन्य फरार साथियों के नाम सौरभ जैन, अंकित शर्मा, दिनेश चश्मा, शंभू बंजारा, गंजी मीना, चिंटू सोनी और नरेश मीना बताए।

पुलिस ने मौके से 47,910 रुपये नकद और ताश की गड्डी जब्त की है। इस मामले में राघौगढ़ थाने में कुल 13 आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट और बीएनएस की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मौके से फरार अन्य आरोपियों की तलाश तेजी से की जा रही है।